Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7389	07.05.2023	09.05.2023	Kanpur Dehat Uttar Pradesh	www.livehindustan.com/Hindi https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/story-30-wedding-guests-fell-ill-after-eating-wedding-food-in-kanpur-dehat-8136812.html
Title:	**Over 30 wedding guests fell ill after eating wedding food in Kanpur Dehat, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Kanpur Dehat, SSU- Uttar Pradesh			

उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात में शादी का खाना खाने से दो दर्जन से अधिक लोग बीमार हो गए। ये मामला मंगलपुर थाना क्षेत्र का है। दरअसल जगदीशपुर गांव में बारात से वापस लौटे लोग शनिवार रात उल्टी-दस्त के शिकार हो गए। बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने से अफरा-तफरी मच गई। रात में कई मरीजों को सीएचसी व निजी डाक्टरों के यहां ले जाया गया। रविवार सुबह गांव पहुंची स्वास्थ्य टीम ने 28 लोगों का उपचार कर दवा बांटी। वहीं गंभीर होने पर चार मरीजों को जिला अस्पताल भेजा गया।

जगदीशपुर के जय नारायण के बेटे नीलू की शादी कछगांव निवासी राम अवतार की बेटी के साथ हुई है। शुक्रवार को गांव के 50-60 लोग बारात में शामिल होने गए थे। शनिवार को विदाई के पहले खाना परोसा गया। बारात के गांव आने के बाद देर शाम बारातियों को उल्टी दस्त शुरू हो गयी। बड़ी संख्या में लोगों के पीड़ित होने से अफरा- तफरी मच गई। कुछ को परिजन हवासपुर सीएचसी ले गए। जबकि कई मरीजों को निजी डाक्टरों के यहां ले जाया गया।

रविवार को भी बीमारी पर नियंत्रण नहीं होने पर सीएचसी प्रभारी डा. सिद्धार्थ वर्मा व डॉ. दिलीप सक्सेना स्वास्थ्य टीम के साथ गांव पहुंचे तथा मरीजों का उपचार शुरू किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि 28 मरीजों का उपचार किया गया, जबकि चार मरीजों की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सभी को फूड प्वाइजनिंग होने की आशंका है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029

Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1